DSA (डायरेक्ट सैलिंग एजेंट्स) प्रोग्राम के बारे में पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न: रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के बाद क्या होता है? मैं कोर्स कैसे शुरू कर पाऊँगा/ पाऊँगी?
उत्तर: रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के बाद, आपको पेमेंट प्रोसेस पूरा करना होगा। पेमेंट के 30 मिनट के अंदर, आपको लॉगिन डिटेल्स मिल जाएँगे।

यदि आपने कोर्स को एक इंडिविजुअल के रूप में खरीदा है, तो आपको कोर्स शुरू करने के लिए कोर्स URL और आपकी लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त होंगे।

यदि आपने कोर्स को एक बल्क परचेज़र के रूप में खरीदा है, तो आपको कोर्स URL और उतने लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त होंगे जितने आपने खरीदे हैं, और यदि लागू होगा, तो कॉम्प्लिमेंटरी लॉगिंस भी मिलेंगे। अब आपको इन लॉगिंस को उन लोगों को भेजना होगा जिन्होंने आपसे कोर्स खरीदा है और आप उन्हें अपनी दी गई लॉगिन-आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके प्रदान की गई जानकारी लॉगिन करने के लिए कहेंगे।

प्रश्न: मुझे पेमेंट ऑप्शन नहीं मिल रहा है। मैं पेमेंट पेज पर कैसे जाऊँ?

उत्तर: रजिस्ट्रेशन पेज में ऊपर, दाईं ओर दिख रहे NEXT बटन पर क्लिक करें और पोर्टल पर दिए प्रोसेस का पालन करें। आपको एक्सिस बैंक के पेमेंट गेटवे के ज़रिए पेमेंट प्रोसेस पूरा करना होगा।



प्रश्न: क्या रजिस्ट्रेशन आईडी बनने के कुछ समय बाद एक्सपायर हो जाएगी?

उत्तर: यदि रजिस्ट्रेशन आईडी प्रयोग नहीं की जाएगी, तो वह एक्सपायर नहीं होगी, लेकिन कोर्स की अवधि के अनुसार काउंटर शुरू हो जाएगा। उदाहरण के लिए, 'डायरेक्ट सैलर्स के लिए सर्टिफ़िकेशन प्रोग्राम' में, लॉगिन की वैलिडिटी (वैधता), लॉगिन करने के पहले दिन से 30 दिन तक है।

एक बार रजिस्ट्रेशन आईडी बन जाने के बाद, इसे भविष्य के लिए सिस्टम में स्टोर किया जाएगा। सिस्टम आपके मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन आईडी को ट्रैक करेगा। आपके लिए उचित रहेगा अगर आप रजिस्ट्रेशन आईडी बनते ही, कम से कम एक खरीद को पूरा करें और कोर्स का एक्सेस प्राप्त करें।

प्रश्न: अगर मैं प्रोग्राम को बाद में खरीदना चाहूँ, तो क्या यह संभव होगा?

उत्तर: यदि आप एक इंडिविजुअल हैं, तो आप अपने पहले खरीदे हुए प्रोग्राम को ख़त्म करने के बाद एक और प्रोग्राम खरीद सकते हैं। यदि आप एक बल्क बायर हैं, तो कितनी भी खरीद करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

प्रश्न: प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताएँ। इस प्रोग्राम से हमें क्या लाभ होगा?

उत्तर: इस प्रोग्राम को डायरेक्ट सैलिंग इंडस्ट्री की माँग पर बनाया गया है ताकि वे अपने प्रोफ़ेशन के लिए सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सर्टिफ़िकेशन हासिल कर सकें। यह सर्टिफ़िकेशन प्रोग्राम डायरेक्ट सैलिंग

नेटवर्क के लिए एक विशेष प्रोग्राम है, जिसके द्वारा वे अपने कौशल और अनुभव को भारत सरकार द्वारा शुरू की गई “रेकग्निशन ऑफ़ प्रायर लर्निंग” (RPL) स्कीम के तहत एक 'इंडिवुएजुअल सेल्स प्रोफ़ेशनल' के रूप में प्रमाणित करा सकते हैं। इसके अलावा, आपका नाम और अन्य क्रेडेंशियल भारत सरकार के 'स्किल इंडिया' मिशन के तहत, राष्ट्रीय डाटाबेस में रजिस्टर हो जाते हैं।

प्रश्न: अगर पत्नी नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी की सदस्य है, तो क्या पति उसके नाम पर कोर्स कर सकता है?

उत्तर: नहीं - यह सर्टिफ़िकेशन सरकार द्वारा दिया जाता है, इसलिए किसी और के नाम से कोर्स करने की अनुमति नहीं है।

प्रश्न: क्या मैं मोबाइल फ़ोन के माध्यम से यह कोर्स कर सकता/सकती हूँ ?

उत्तर: हाँ, आप ऐसा कर सकते हैं। आप इसे मोबाइल पर लैंडस्केप मोड में अच्छी तरह देख पाएँगे।

प्रश्न: क्या मैं एक दिन में कार्यक्रम पूरा कर सकता/सकती हूँ?

उत्तर: हाँ, आप चाहें तो एक दिन में वीडियो मॉड्यूल्स पूरे कर सकते हैं। यह छह घंटे का प्रोग्राम है, जिसके बाद एक असेसमेंट ज़रूरी होगा। एक बार जब आप सारे मॉड्यूल्स पूरे कर लेते हैं, तो आप अपने असेसमेंट के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। असेसमेंट की तारीख एग्ज़ाम रजिस्ट्रेशन की तारीख से पाँच दिन बाद होगी।

प्रश्न: मेरे पास प्रोग्राम का एक्सेस कब तक रहेगा? क्या मैं असेसमेंट के बाद प्रोग्राम का उपयोग कर पाऊँगा/ पाऊँगी ?

उत्तर: आपके पास कोर्स का एक्सेस 30 दिनों तक रहेगा। इन तीस दिनों में आपके लिए मॉड्यूल्स और असेसमेंट पूरा करना आवश्यक है। असेसमेंट के बाद आप कोर्स को एक्सेस नहीं कर पाएँगे।

प्रश्न: असेसमेंट कैसे करना होगा?

उत्तर: सभी आठ वीडियो मॉड्यूल्स को पूरा करने के बाद, आपको सरकारी रजिस्ट्रेशन के लिए NSDC के SIP पोर्टल के तहत एग्ज़ाम रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म को भरना होगा। फ़ॉर्म जमा करने के बाद, आपको असेसमेंट के लिए एक तारीख मिलेगी। यह तारीख एग्ज़ाम रजिस्ट्रेशन की तारीख के पाँच दिन बाद होगी।

प्रश्न: क्या मैं मोबाइल फ़ोन के माध्यम से असेसमेंट कर पाऊँगा/ पाऊँगी?

उत्तर: नहीं - आपको यह एक लैपटॉप या कंप्यूटर के माध्यम से करना होगा, जिसका कैमरा और माइक्रोफ़ोन ठीक से काम करते हों।

प्रश्न: कोर्स और असेसमेंट के पूरा होने के बाद, मुझे अपना सर्टिफ़िकेट कब तक मिल जाएगा?

उत्तर: असेसमेंट होने के एक महीने के अंदर।

प्रश्न: यदि मैं उस डायरेक्ट सैलिंग कंपनी को छोड़ता हूँ, जिसके माध्यम से मुझे मेरा सर्टिफ़िकेट मिला है, तो क्या सर्टिफ़िकेट की वैलिडिटी (वैधता) समाप्त हो जाएगी?

उत्तर: सर्टिफ़िकेट की वैलिडिटी कभी समाप्त नहीं होगी। यह सर्टिफ़िकेशन आपको भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन के RPL सर्टिफ़िकेशन प्रोग्राम के तहत उन स्किल्स के लिए मिला है जो एक इंडिविजुअल सेल्स प्रोफ़ेशनल के रूप में आपके पास हैं । हालाँकि, सर्टिफ़िकेशन पर आपके पुराने ऑर्गनाइज़ेशन का लोगो हो सकता है।

प्रश्न: मुझे मेरा सर्टिफ़िकेट कैसे मिलेगा? क्या इसे प्रिंटेड फ़ॉर्म में मेरे घर के पते पर पहुँचाया जाएगा?

उत्तर: इस सर्टिफ़िकेट की सॉफ़्ट कॉपी आपके ईमेल पर भेजी जाएगी। आप अपनी इच्छानुसार हार्ड कॉपी प्रिंट कर सकते हैं।

प्रश्न: अगर मुझे किसी अन्य मुद्दे का सामना करना पड़ता है, तो मुझे कहाँ संपर्क करना चाहिए?

उत्तर: यदि आप किसी अन्य मुद्दे का सामना करते हैं, तो आप हमें +918299841020 पर कॉल कर सकते हैं या info@kedman.in पर ईमेल भेज सकते हैं।